आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान व कल्याण को विशेष प्राथमिकता दे रही है और पिछले 2 वर्षों में कई योजनाएं शुरू की गई है। शिमला में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आज बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ा है जो हमारे समाज की बदलती सोच को प्रतिबिंबित करता है। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि सरकार आने वाले समय में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र में गिरावट आई है जिसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाओं को सम्मानित भी किया।

भाजपा

प्रदेश कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के खिलाफ भाजपा इन दिनों विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में पार्टी ने आज कुल्लू में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आज हिमाचल प्रदेश की स्थिति पूरे देश में हास्यास्पद बन गई है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी 10 गारंटियों को पूरा नहीं कर पाई है और इस कार्यकाल में हर वर्ग परेशान है। दूसरी ओर, नाहन में प्रदर्शन के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को प्रदेश की जनता के लिए काला अध्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के साथ धोखे, अन्याय व अत्याचार का जश्न मना रही है। बिंदल ने ये भी आरोप लगाया कि बीते दो वर्ष में प्रदेश में विभिन्न तरह के माफिया को सरकार का खुला संरक्षण मिला है। सांसद सुरेश कश्यप ने भी रैली को संबोधित किया।

त्रिलोक कपूर

इस बीच, प्रदेश भाजपा महासचिव त्रिलोक कपूर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कुप्रबंधन की मार से प्रदेश का कोई भी वर्ग अछूता नहीं है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान में कर्मचारी वर्ग सड़कों पर उतरने को मजबूर है और

जनता का भी इस सरकार से मोह भंग हो गया है। त्रिलोक कपूर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठी गारंटियां देकर जनता को फंसाने में कामयाब रही है।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। धर्मशाला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से गेहूं 40 रूपए और मक्की 30 रूपए प्रति किलो की दर से खरीद का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की के आटे को हिमभोग ब्रांड के साथ जल्द ही बाज़ार में उतारेगी। कृषि मंत्री के अनुसार प्रदेश में 35 हज़ार हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है और इस पद्धति से एक लाख 98 हज़ार किसान जुड़े हैं।

क्रिकेट

राजधानी शिमला के बी.सी.एस. में आयोजित सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता राज्यपाल एकादश ने जीत ली है। विजेता टीम ने आज खेले गए फाइनल मुकाबले में चीफ जस्टिस इलेवन की टीम को 32 रनों से हराया। ये प्रतियोगिता नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतियोगिता के आयोजकों की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार भी इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाने को लेकर भी काम किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम ने करवट ली है और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लाहौल–स्पीति, किन्नौर और चम्बा ज़िले के ऊपरी इलाकों में हिमपात का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में ठण्ड का दौर बढ़ गया है। इधर, राजधानी शिमला सहित अन्य स्थानों पर

दोपहर बाद से हल्के बादल छाए हुए हैं और ठण्डी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घण्टों में लाहौल–स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान है। जबकि सोलन, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर, मंडी और हमीरपुर जिलों में हल्की वर्षा की संभावना है।

आभार

भाजपा नेता व विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश के लिए 4 केन्द्रीय विद्यालय मंजूर करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों की मंजूरी से विद्यार्थियों को उनके घरद्वार के समीप ही अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा।

...............................................